उत्तर प्रदेश में फिल्मों की शूटिंग के लिए अनुमति हेतु दिशा-निर्देश

चरण 1 - निवेश मित्र पोर्टल पर रजिस्टर करें

- निवेश मित्र पोर्टल पर एक उद्यमी (निर्माता / निर्देशक) के रूप में पंजीकरण करने के लिए (www.niveshmitra.up.nic.in), कंपनी / उद्यम का नाम, उद्यमी का पहला नाम और उपनाम, ईमेल आईडी, मोबाइल नंबर और कैप्चा पंजीकरण फॉर्म के संबंधित क्षेत्रों में भरें।
- इसके बाद, दर्ज आईडी पर लॉगिन आईडी और पासवर्ड भेजा जाएगा। साथ में, एक ईमेल सत्यापन लिंक भी भेजा जाएगा। उसके माध्यम से दर्ज करी गयी ईमेल आईडी का सत्यापन करें | इसके बाद दर्ज किया गया मोबाइल वन टाइम पासवर्ड (ओटीपी) के माध्यम से सत्यापित किया जाएगा |
- ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर के सत्यापन के बाद आपका पंजीकरण पूरा हो जाएगा।

चरण 2 - निवेश मित्र पोर्टल के माध्यम से लॉग इन करें

- संबंधित क्षेत्रों में अपना लॉगिन आईडी या पंजीकृत ईमेल आईडी, पासवर्ड और कैप्चा भरें और लॉगिन बटन पर क्लिक करें।

चरण 3 - सामान्य आवेदन पत्र (कॉमन एप्लीकेशन फॉर्म) विवरण भरें

- लॉगइन के बाद, कॉमन एप्लिकेशन फॉर्म साइड मेनू पर क्लिक करें और निजी विवरण (पैन सहित), संचार पता और स्थायी पता विवरण संबंधित क्षेत्र में भरें। इसके बाद, संबंधित फॉर्म में निम्नलिखित विवरण भरने के द्वारा उद्यम/ इकाई विवरण प्रस्तुत करें

क) इकाई जोड़ें:
  - यूनिट का नाम
  - गतिविधि का स्वरुप
  - कर्मचारियों की संख्या
  - अनुमानित परियोजना लागत (INR में)
  - संगठन का प्रकार
  - उद्योग का प्रकार
  - परियोजना की स्थिति
  - विनिर्माण / सेवाएँ / व्यापार / व्यवसाय प्रारंभ करने की अपेक्षित / वास्तविक तिथि
  - इकाई श्रेणी (प्लांट / मशीनरी / उपकरण पर निवेश)
  - अनुमानित वार्षिक कारोबार (भारतीय रुपये में)

ख) इकाई का स्थान:
  - इकाई के लिए भूमि / पट्टे पर जगह की उपलब्धता
  - जिला
  - तहसील
  - पूरा पता
  - पिन कोड

ग) अधिकृत व्यक्ति का विवरण
  - नाम
  - पता
  - ईमेल आईडी
  - मोबाइल नं

- उपरोक्त विवरण दर्ज करने के बाद, अधिकृत व्यक्ति की ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर OTP के माध्यम से सत्यापित होगा।

उद्यमी को NOC के लिए आवेदन करने की अनुमति नहीं है जब तक कि वह सामान्य आवेदन पत्र (कॉमन एप्लीकेशन फॉर्म) को प्रस्तुत नहीं करता है। सामान्य आवेदन पत्र (कॉमन एप्लीकेशन फॉर्म) का विवरण कभी भी अपडेट किया जा सकता है।

चरण 4 - फिल्म प्रोफाइल बनाएं

सामान्य आवेदन पत्र (कॉमन एप्लीकेशन फॉर्म) दर्ज करने के बाद, अप्लाई फॉर परमीशन (फ़िल्म शूटिंग हेतु अनुमति) / अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) / लाइसेंस साइड मेनू पर क्लिक करें। इसके बाद, उस उद्यम/इकाई को चुनें जिसके लिए विभाग की अनुमतियाँ / एनओसी / लाइसेंस / प्रमाण पत्र आदि की आवश्यकता है, विभाग का नाम और संबंधित सेवा का चयन करें और न्यू एप्लिकेशन बटन (नवीन आवेदन बटन) पर क्लिक करें।

उद्यमी को डैशबोर्ड पर पुनर्निर्देशित किया जाएगा। किनारे उपलब्ध 'फ़िल्म विवरण दर्ज करें' मेन्यू पर क्लिक करें जिसके बाद स्क्रीन पर फॉर्म दिखाई देगा। फॉर्म को 04 भागों में विभाजित किया गया है जिनमें निम्नलिखित विवरण की आवश्यकता है:

क) फिल्म का विवरण

निर्माता को निम्नलिखित विवरण भरना होगा:
- फिल्म का नाम / शीर्षक
- बैनर का नाम
- फिल्म की भाषा
- फिल्म प्रकार
- प्राधिकरण का नाम जिसने फिल्म के नाम / शीर्षक के लिए प्रमाणपत्र जारी किया है
- स्क्रीन राइटर्स एसोसिएशन सर्टिफिकेट नं।

- साथ में, पीडीएफ / जेपीईजी / जेपीजी प्रारूप में निम्नलिखित दस्तावेजों को अपलोड करें जिनका आकार 2 एमबी से अधिक नहीं होना चाहिए:
  - फिल्म के नाम / शीर्षक के लिए प्राधिकरण द्वारा जारी किया गया प्रमाणपत्र
  - फिल्म की पटकथा (संवाद सहित)
  - फिल्म का सार (तीन पृष्ठों से अधिक नहीं)
  - स्क्रीन राइटर्स एसोसिएशन द्वारा जारी प्रमाण पत्र

ख) स्टाफ विवरण

- निर्माता को निम्नलिखित विवरण भरना होगा:
  - क्रू सदस्यों का नाम, अनुभव और जन्म स्थान
  - उत्तर प्रदेश या किसी अन्य राज्य से संबंधित अभिनेताओं और अभिनेत्रियों का नाम और पता
  - पैन कार्ड संख्या
  - जीएसटीआईएन संख्या

    हर क्रू सदस्य, अभिनेताओं और अभिनेत्रियों का विवरण Add (+) बटन पर क्लिक करके अलग से दर्ज करना होगा ।
- साथ में, पीडीएफ / जेपीईजी / जेपीजी प्रारूप में निम्नलिखित दस्तावेजों को अपलोड करें जिनका आकार 2 एमबी से अधिक नहीं होना चाहिए:
  - सभी क्रू सदस्यों का बायो डेटा
  - स्व-प्रमाणित प्रमाण कि आवेदक एक राष्ट्रीय/अन्तराष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्माता/निर्देशक है (यदि लागू हो)
  - उत्तर प्रदेश से संबंध रखने वाले अभिनेताओं और अभिनेत्रियों का निवास प्रमाण पत्र
  - फिल्म निर्माता का पैन
  - जीएसटीआईएन प्रमाणपत्र
  - पिछले तीन वर्षों का आयकर रिटर्न

ग) निर्माण का विवरण

- निर्माता को निम्नलिखित विवरण भरना होगा:
    - अनुमानित / फिल्म की कुल अवधि (घंटे: मिनट में)
    - उत्तर प्रदेश में फिल्म की शूटिंग की अवधि (दिन, घंटे और मिनट)
    - उत्तर प्रदेश में फिल्मांकन की पालियाँ (भीतरी और बाहरी सहित)
    - महीने में फिल्मांकन की पालियों की कुल संख्या
    - प्रथम फिल्मांकन, अंतिम फिल्मांकन और स्क्रीनिंग की तिथि
    - यूनिट के सदस्यों की संख्या
    - तकनीकी कर्मचारियों की संख्या
    - संवर्धन का माध्यम, यदि कोई संवर्धन निर्माण के दौरान किया गया

घ) बजट विवरण

- निर्माता को निम्नलिखित विवरण भरना होगा:
    - निर्माता, निर्देशक, अभिनेता, अभिनेत्री, क्रू सदस्य आदि का अनुमानित बजट (भारतीय रुपये में)
    - डिजिटल प्रारूप में फिल्म निर्माण का अनुमानित बजट (भारतीय रुपये में)
    - फिल्म निर्माण की अनुमानित लागत (भारतीय रुपये में)
    - साथ में अनुमानित बजट के लिए सी.ए. प्रमाणपत्र पीडीएफ / जेपीईजी / जेपीजी प्रारूप में अपलोड करें जिसका आकार 2 एमबी से अधिक नहीं होना चाहिए।

किसी विशेष प्रकार के विवरण को जोड़ने के लिए बजट अलग से Add (+) बटन पर क्लिक करके दर्ज किया जाना है ।

सभी विवरण भरने के बाद, निर्माता को भरे हुए आवेदन पत्र का पूर्वावलोकन करने के लिए पुनर्निर्देशित किया जाएगा। निर्माता आवश्यक विवरण (यदि कोई हो) को संपादित कर सकते हैं। विवरण संपादित करने के बाद, यदि कोई हो, चेकबॉक्स और 'दर्ज करें' बटन पर क्लिक करें। आवेदन पत्र जमा होने के बाद किसी भी प्रकार के बदलाव की अनुमति नहीं होगी |

चरण 5 - फिल्म की शूटिंग के लिए अनुमति लेने के लिए आवेदन करें

फिल्म प्रोफाइल बनाने के बाद, उद्यमी फिल्म शूटिंग की अनुमति के लिए आवेदन कर सकता है। किनारे उपलब्ध मेनू पर 'फ़िल्म शूटिंग हेतु अनुमति के लिए आवेदन' पर क्लिक करें, फिल्म का नाम चुनें और अनुमति के लिए आवेदन बटन पर क्लिक करें। इसके बाद, स्क्रीन पर आवेदन पत्र दिखाई देगा । आवेदन पत्र में निम्नलिखित विवरण प्रस्तुत करें:

- जिला जहां शूटिंग अनुसूचित है
- शूटिंग के लिए प्रस्तावित स्थान
- शूटिंग की तिथि
- शूटिंग का समय (24 घंटे के प्रारूप में)

विभिन्न शूटिंग स्थलों / शूटिंग की तिथि / समय का विवरण अलग से Add (+) बटन पर क्लिक करके दर्ज करना होगा |

यदि शूटिंग कई जिलों में की जानी है तो उद्यमी को हर जिले के लिए अलग से फिल्म शूटिंग की अनुमति के लिए आवेदन करना होगा।

दर्ज करने के बाद, आवेदन को संबंधित ज़िलाधिकारी (डीएम) को प्रसंस्करण हेतु भेज दिया जाएगा ।

एक बार जब आवेदन संबंधित ज़िलाधिकारी (डीएम) को भेज दिया जाता है, तो उद्यमी इसकी स्थिति को देख सकता है।

यदि संबंधित ज़िलाधिकारी (डीएम), आवेदन के संबंध में कोई प्रश्न उठाता है तो उद्यमी को उसका जवाब उसके लॉगिन के माध्यम से जल्द से जल्द देना होगा / हल करना होगा | उत्तर प्राप्त होने पर /समाधान हो जाने पर, संबंधित ज़िलाधिकारी (डीएम) आवेदन के साथ आगे बढ़ सकेंगे |

संबंधित ज़िलाधिकारी (डीएम) द्वारा आवेदन की स्वीकृति / अस्वीकृति के बाद, उद्यमी इसकी स्थिति व्यू स्टेटस/स्थिति देखें बटन पर क्लिक कर के देख सकता है।